दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, बुधवार 16 जनवरी 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-108

महत्वपूर्ण एवं खास

डेमोक्रट नेताओं के कारण ठप हुआ सरकारी कामकाजः ट्रम्प

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सरकार का कामकाज आंशिक रूप से बंद होने की जिम्मेदार विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी है, जिसने अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण के लिए 5.7 अरब डॉलर की मांग वाले उनके प्रस्ताव को कांग्रेस में रोक रखा है। अमेरिका में आंशिक बंद का 24वां दिन है। ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि जहां तक अमेरिकी लोगों को सुरक्षित रखने का सवाल है वह '' कभी पीछे नहीं हटेंगे।''

फास्टजेट एयरलाइन ने हरारे के लिए उड़ानों को रद्द किया

हरारे (आरएनएस)। फास्टजेट एयरलाइन ने सोमवार को जिम्बाब्वे की राजधानी हरारे हवाईअड्डे के पास झड़पों के कारण यहां से उड़ानो को रद्द कर दिया। कंपनी ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट, संडे हो सकती है बारिश

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में ठंडी हवाओं के साथ-साथ तापमान में एक बार फिर से तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई जिससे दिन में भी ठंडक बढ़ गई है। अगले तीन से चार दिनों तक न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री के आसपास बना रहेगा।

जादवपुर यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने प्रोफेसर कनक सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग पर कैम्पस में किया विरोध प्रदर्शन

कोलकाता। जादवपुर यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने फेसबुक पर पोस्ट किए गए विचारों को लेकर प्रोफेसर कनक सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग पर कैम्पस में विरोध प्रदर्शन किया. विद्यार्थियों का कहना है, हम उन्हें बर्खास्त करवाना चाहते हैं, क्योंकि वे युवा मस्तिष्कों को प्रभावित कर रहे हैं, और हम यहां महिला-द्वेषी वातावरण नहीं चाहते हैं, वह बार-बार ऐसा करते रहे हैं।

5 साल के बाद में मध्य प्रदेश के हर वर्ग को हिसाब दूंगा- मुख्यमंत्री कमल नाथ

भोपाल। मुख्यमंत्री कमल नाथ ने भोपाल में जय किसान ऋण मुक्त योजना की आवेदन प्रक्रिया का किया शुभारंभ। सीएम ने कहा कि यह एक अभिनव योजना है। किसान अर्थव्यवस्था की नींव है। उसे मजबूत करना ही होगा। किसानों को सशक्त करना हमारी प्राथमिकता है। हम प्रदेश में बेहतर निवेश नीति बनाएंगे जिससे रोजगार मिलेंगे/प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। अर्थव्यवस्था की नींव किसान ही है।किसानों को सशक्त बनाना है। इस ऋण माफी योजना से प्रदेश के 55 लाख किसानो को लाभ मिलेगा। 50,000 करोड़ रु का फसल ऋण माफ़ होगा। मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि जय किसान ऋण मुक्ति योजना मेरे लिए मील का पत्थर है। हमें देश में सबसे आगे बढ़ना है। प्रदेश के विकास के लिए हमें नई नीति बनानी है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के लिए रामविचार नेताम का नाम लगभग तय

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के लिए रामविचार नेताम का नाम

लगभग तय माना जा रहे हैं नेताम का नाम इसलिए भी तय माना जा रहा है क्योंकि वे राष्ट्रीय पदों पर भी अपना कामकाज कर चुके हैं इसके साथ ही राज्यसभा में सदस्य भी हैं लिहाजा नेताम को यह जिम्मेदारी दे सकती है इन सब के इतर नेताम को एक आदिवासी चेहरा होने का बड़ा फायदा भी मिलेगा भाजपा इस बार एक आदिवासी नेता को प्रदेश की कमान सौंपने का मन बना चुकी है जिसमें नेताम खरे उतर रहे हैं।

पहले शाही स्नान में स्मृति ईरानी ने लगाई डुबकी

पीएम ने दी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रयागराज कुंभ में मकर संक्रांति पर पहला शाही स्नान जारी है. मकर संक्रांति के मौके पर जहां अखाड़े शाही स्नान कर रहे हैं तो वहीं करोड़ों श्रद्धालुओं के बीच बड़ी हस्तियों का भी वहां पहुंचना जारी है. केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति ईरानी ने भी संगम तट पर स्नान किया. उन्होंने गंगा स्नान की फोटो शेयर करते हुए अपने ट्विटर एकाउंट पर लिखा हर हर गंगे. इस बार का कुंभ कई मायनों में अहम रहने वाला है। इसके लिए सरकार ने तैयारियां की हैं।

इसके अलावा पीएम मोदी ने भी श्रद्धालुओं को कुंभ मेले की शुभकामनाएं दी। पीएम ने कहा, मुझे आशा है इस अवसर पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं को भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधताओं के दर्शन होंगे।

बता दें कि सूर्य के मकरगति (मकर राशि में आने) होने के साथ ही तीर्थराज प्रयाग में संगमतट पर कुंभ का महापर्व शुरू हो गया। ठंड के बाद भी दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की गर्मी का जोश प्रयागराज के पग-पग पर अपने रंग में नजर आने लगा है। पहले शाही स्नान पर्व पर अखाड़ों के नागा संन्यासियों, महामंडलेश्वरों, साधु-संतों सहित लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर कुंभ का श्रीगणेश कर दिया। मंगलवार को सुबह 5 बजे से शुरू स्नान पूरे दिन जारी रहेगा। सुबह सबसे पहले, 6.05 बजे महानिर्वाणी के साधु-संत पूरे लाव-लश्कर के साथ शाही स्नान को संगम तट पर पहुंचे। इसके साथ अखाड़ों के स्नान का क्रम प्रारंभ हुआ। सभी अखाड़ों को बारी-बारी से स्नान के लिए 30 मिनट से 45 मिनट तक का समय दिया गया है। साधु-संतों के साथ आम श्रद्धालु भी संगम सहित अलग-अलग घाटों पर आधी रात से स्नान कर रहे हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच घाटों पर नहाने और पूजा पाठ का सिलसिला जारी है।

सार्वजनिक करें आलोक वर्मा पर सीवीसी रिपोर्ट

खड़गे ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

नईदिल्ली (आरएनएस)। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है कि वह सीबीआई के पूर्व प्रमुख आलोक वर्मा पर सीवीसी रिपोर्ट को सार्वजनिक करें. बता दें कि तीन सदस्यीय सेलेक्शन कमेटी में खड़गे एकमात्र सदस्य थे जिन्होंने वर्मा को पद से हटाने का विरोध किया था.

खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि सीवीसी की जांच रिपोर्ट, जस्टिस एके पटनायक की जांच रिपोर्ट और चयन समिति की बैठक का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए ताकि जनता इस मामले में खुद निष्कर्ष तक पहुंच सके. साथ ही खड़गे ने बिना किसी देरी के, नए निदेशक की नियुक्ति के लिए चयन समिति की तत्काल बैठक बुलाने के लिए भी कहा है. उन्होंने यह भी दावा किया कि इस मामले में सरकार के कदमों से यही संकेत मिलता है कि वह नहीं चाहती कि सीबीआई एक स्वतंत्र निदेशक के तहत काम करे. दरअसल, गत 10 जनवरी को हुई चयन समिति की बैठक में खड़गे ने आलोक वर्मा को सीबीआई निदेशक के पद से हटाए जाने का विरोध किया था. खबरों के मुताबिक, जस्टिस पटनायक ने कहा कि आलोक वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के कोई साक्ष्य नहीं हैं. प्राप्त समिति ने पिछले गुरुवार को वर्मा को सीबीआई निदेशक के पद से हटा दिया था. इसके अगले दिन शुक्रवार को वर्मा ने सरकारी सेवा से इस्तीफा दे दिया. भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1979 बैच के अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम एवं केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के अधिकारी वर्मा का तबादला कल महानिदेशक दमकल सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षा के पद पर कर दिया गया था.

सीएम की बेटी को अगवा करने की धमकी देने वाला हिरासत में

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अधिकारिक मेल पर ई-मेल कर उनकी बेटी का अपहरण करने की धमकी देने के मामले में दिल्ली पुलिस ने विकास नाम के शख्स को हिरासत में लिया है। विकास को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रायबरेली से हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, वह मूल रूप से बिहार के मोतीहारी का रहने वाला है। विकास दिल्ली में एसएससी की तैयारी कर रहा था और दिल्ली में अपनी बहन के घर रुका था। कोर्ट से इजाजत के बाद उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

विकास ने 9 जनवरी को अपने पर्सनल मेल से धमकी का मेल अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक ई-मेल पर भेजा। विकास ने 2 मेल भेजकर केजरीवाल की बेटी को अगवा करने की धमकी दी हुई थी। मेल में चुनौती देते हुए लिखा,आप अपनी बेटी को बचा सकते हैं तो बचा लें, वरना अपहरण कर लेंगे। मेल के बाद से केजरीवाल की बेटी को अस्थायी सुरक्षा मुहैया कराई है। मामले की जांच की जिम्मेदारी साइबर सेल कर रही है।

शिक्षकों की हड़ताल से पांच लाख छात्र प्रभावित

लॉस एंजिलिस (आरएनएस)। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में सरकारी स्कूलों के 30,000 से अधिक शिक्षक बेहतर वेतन, कक्षाओं में कम छात्र और अधिक शिक्षकों की भर्ती की मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए सोमवार को हड़ताल पर चले गये। पिछले 30 साल में यह इस प्रकार की पहली हड़ताल है। स्कूलों की संख्या के मामले में लॉस एंजिलिस दूसरा सबसे बड़ा जिला है। इस हड़ताल के कारण लगभग 5,00,000 छात्र प्रभावित हो रहे हैं।

पुलिस की चार्जशीट पर 19 तक टल गई सुनवाई

जेएनयू नारेबाजी

नई दिल्ली (आरएनएस)। जेएनयू नारेबाजी मामले में पुलिस द्वारा फाइल चार्जशीट पर सुनवाई 19 जनवरी तक के लिए टल गई है। आज पटियाला हाउस कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होनी थी। पर मामले की सुनवाई करने वाले पटियाला हाउस कोर्ट के जज के छुट्टी पर होने के कारण सुनवाई टल गई है।

गौरतलब है कि जेएनयू में देशविरोधी नारेबाजी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को पटियाला हाउस कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस द्वारा चार्जशीट में जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार समेत 10 लोगों के नाम शामिल हैं। कोर्ट पुलिस के चार्जशीट पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। पुलिस तीन साल तक चली जांच के बाद चार्जशीट की कॉपी और अन्य दस्तावेजों को एक ट्रंक में लेकर कोर्ट पहुंची।

1200 पेज की इस चार्जशीट को पुलिस ने अदालत में पेश किया है। पुलिस ने चार्जशीट में कन्हैया और अन्य आरोपियों द्वारा कथित तौर पर लगाए गए 12 नारों की लिस्ट भी शामिल की है। इनमें हम लेके रहेंगे आजादी..., संगबाजी वाली आजादी..., भारत तेरे टुकड़े होंगे..., कश्मीर की आजीदी तक जंग रहेगी..., भारक के मुल्क को एक झटका और दो..., भारत को एक रगड़ा और दो..., तुम कितने मकबूल मरोगे..., इंडियन आर्मी को दो रगड़ा... आदि नारे शामिल हैं।

कन्हैया समेत 10 लोगों के नाम हैं शामिल

चार्जशीट में जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया, सैयद उमर खालिद और अनिर्बान भट्टाचार्य, आकिब हुसैन, मुजीब हुसैन, मुनीब हुसैन, उमर गुल, रईस रसूल, बशरत अली, और खलिद बशीर भट के नाम हैं। जांच एजेंसी ने इस केस में पूरी तैयारी के साथ चार्जशीट तैयार की है। इस मामले के गवाहों के बयान सीआरपीसी की ऐसी धारा के तहत दर्ज किए गए हैं कि बयान से पलटने पर उन्हें सजा मिल सकती है।

अचानक धंसी सड़क, ऑटो समेत डस्टर कार गड्ढे में गिरी

नईदिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में एक सड़क के अचानक धंस जाने से एक कार और एक ऑटो रिक्शा अचानक उसमें फंस गए. घटना पूर्वी दिल्ली के शाहदरा में मौजपुर-बाबरपुर मेट्रो स्टेशन के पास की है. कार में दो लोग और ऑटो रिक्शा में एक सख्श मौजूद था.

बताया जा रहा है कि उन्हें हल्की फुल्की चोटें आई हैं. उन्हें तुरंत बचा लिया गया. घटना के तुरंत बाद लोग इकट्ठा हो गए. चमदीदों के मुताबिक, सीवर लाइन फटने से सड़क अचानक धंसने लगी और देखते-ही-देखते सड़क पर करीब 7 फीट लंबा गड्ढ़ा बन गया, जिसकी चपेट में एक ऑटो और डस्टर कार आ गई. वहीं प्रशासन को खबर लगते ही पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए. दोनों वाहनों को गड्ढे से बाहर निकाल लिया गया है... प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सड़क मरम्मत का काम भी जल्द शुरू कर दिया गया.

मेट्रो के आगे शख्स ने लगाई छलांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर एक शख्स ने खुदकुशी करने की कोशिश की.

एक 40 वर्षीय शख्स ने प्लेटफॉर्म नंबर एक पर आ रही मेट्रो के सामने छलांग लगा दी. शख्स को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया है.

इस घटना से मेट्रो स्टेशन पर हड़कंप मच गया. वहीं काफी देर तक मेट्रो की गतिविधि रुकी रही.

काबुल में विस्फोट, 4 मरे 90 घायल

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सोमवार शाम एक शक्तिशाली विस्फोट में चार लोग मारे गए, जबकि 23 बच्चों सहित 90 घायल हो गए। आंतरिक मामलों के मंत्रालय के प्रवक्ता नजीब दानिश ने इसकी पुष्टि की है। दानिश ने विस्फोट के बाद सोमवार को ट्वीट कर कहा, काबुल में आज शाम धमाके में सेना से जुड़े तीन और एक नागरिक सहित चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, 90 घायल हो गए, जिनमें 23 बच्चे, 12 महिलाएं और 65 पुरूष शामिल हैं।

दानिश ने जोर देते हुए कहा कि आतंकवादियों ने पुलिस डिस्ट्रिक्ट 9 में ग्रीन विलेज कैंप के पास कार बम विस्फोट किया।

ग्रीन विलेज कैंप काबुल शहर के पूर्वी किनारे में अफगान चुनाव आयोग के मुख्य कार्यालय के बगल में एक अच्छी तरह से संरक्षित क्षेत्र है, जहां कई विदेशी सुरक्षा कार्यालय और इकाइयां स्थित हैं और अक्सर काबुल में रहने वाले या काम करने वाले विदेशियों आते-जाते रहते हैं।

पीएम मोदी ने सैनिकों को सेना दिवस पर बधाई दी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सेना दिवस के अवसर पर सैनिकों को बधाई दी और कहा कि राष्ट्र को उनके समर्पण एवं साहस पर गर्व है।

पाक सीमा पर आतंकी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई से नहीं हिचकेगी सेनाः जनरल रावत

नई दिल्ली (आरएनएस)। आर्मी चीफ जनरल बिपिन रावत ने आर्मी डे के मौके पर मंगलवार को पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि सेना सीमा पर सख्त कार्रवाई से नहीं हिचकेगी। जनरल रावत ने कहा कि पाकिस्तान सीमा पर आतंकी गतिविधियों से निपटने के लिए भारतीय सेना कड़े कदम उठाने से नहीं हिचकेगी।

पाकिस्तान की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए जनरल रावत ने कहा कि भारत की पश्चिमी सीमा से लगा देश आतंकी समूहों को समर्थन देता है और सेना इससे कारगर तरीके से निपट रही है। सेना दिवस पर जवानों को संबोधित करते हुए आर्मी चीफ ने कहा, हम जम्मू और कश्मीर से लगी भारत-पाक सीमा पर नैतिक दबदबा सुनिश्चित कर रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि पूर्वी सेक्टर के बॉर्डर पर शांति बनाए रखने के लिए नई गाइडलाइंस का पालन किया जा रहा है। चीन से लगी सीमा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हम पूर्वी सीमा पर स्थिति की समीक्षा करेंगे।

एसी वेटिंग रूम में बस का इंतजार करेंगे दिल्ली वाले!

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली में पुराने बस टर्मिनलों को नये सिरे से तैयार कर मॉडर्न लुक दिए जाने की योजना में अभी तक तीन बस टर्मिनल का डिजाइन फाइनल किया गया है। कुछ समय पहले दिल्ली सरकार ने नेहरू प्लेस बस टर्मिनल को मॉडर्न बस टर्मिनल में तब्दील किए जाने के लिए टेंडर जारी किया था। अब नजफगढ़ और आजादपुर बस टर्मिनल का डिजाइन भी फाइनल कर लिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को इन दोनों बस टर्मिनलों को नए डिजाइन के आधार पर तैयार किए जाने के लिए टेंडर हो जाएगा। एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशनों पर मुसाफिरों को मिलने वाली सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नया डिजाइन तैयार किया गया है।

अब बस टर्मिनल में बस प्लैटफॉर्म होंगे। पब्लिक प्लाजा होगा। वॉटर एटीएम, ई-कियोस्क और एटीएम की फैसिलिटी भी दी जाएगी। लोग अपनी जरूरत का सामान भी खरीद सकेंगे। हर बस टर्मिनल में कियोस्क और दुकानें अलॉट की जाएंगी।

चीन में कनाडाई नागरिक को फांसी की सजा

कनाडा ने अपने नागरिकों से सावधानी बरतने को कहा

ओटावा (आरएनएस)। चीन में नशीली दवाओं की तस्करी के आरोप में एक कनाडाई नागरिक को फाँसी की सजा सुनाए जाने के बाद कनाडा ने अपने नागरिकों को चीन की यात्रा करते समय अत्यधिक सावधानी बरतने का परामर्श जारी किया है। समीक्षा के बाद जारी परामर्श में यात्रियों को स्थानीय कानूनों के मनमाने ढंग से लागू किए जाने के जोखिम से सावधान करते हुए कहा गया है कि सुरक्षा की स्थिति संक्षिप्त सूचना देकर बदली जा सकती है। गौरतलब है कि सोमवार को चीन की एक अदालत ने कनाडा के नागरिक रॉबर्ट लॉयड स्केलेनबर्ग को नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में मौत की सजा सुनाई थी। उसे पहले 15 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन उसे मुकम्मल सजा नहीं मानते हुये अदालत ने यह फैसला दिया। 36 वर्षीय स्केलेनबर्ग ने अदालत के मूल फैसले के खिलाफ अपील की थी।

मेडिकल जांच के लिए अचानक अमेरिका रवाना हुए जेटली

केन्द्रीय वित्तमंत्री फिर बीमार

नईदिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली अपनी किडनी की बीमारी की जांच के लिए अमेरिका चले गए हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जेटली रविवार रात अमेरिका के लिए रवाना हुए. साल 2018 में अरुण जेटली एम्स में भर्ती हुए थे जहां वो डायलिसिस पर थे. इसके बाद जेटली का लिवर ट्रांसप्लांट हुआ था. सितंबर 2014 में वजन बढ़ने के कारण जेटली की बैरिएट्रिक सर्जरी हुई थी. कुछ साल पहले जेटली की हार्ट सर्जरी भी हो चुकी है. कहा जा रहा है कि अरुण जेटली हेल्थ चेकअप के लिए अमेरिका गए हैं.

अरुण जेटली की तबीयत खराब नहीं है तो ये बीजेपी के लिए राहत की खबर है क्योंकि अगले महीने जेटली को बीजेपी सरकार का आखिरी बजट पेश करना है. साथ ही वो 2019 में होने वाले लोकसभा चुनाव की प्रचार शाखा के हेड भी हैं.

हाल ही में अरुण जेटली ने राफेल डील के मुद्दे पर राहुल गांधी को संसद में करारे जवाब दिए थे. राफेल डील मामले पर लोकसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कई सवाल खड़े किए थे. उन्होंने पीएम पर आरोप लगाते हुए कहा था कि इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ बोला है.